**Headline: - Convocation Ceremony: Degrees Awarded to Postgraduate and PhD Students Women Students Soar to New Heights in Healthcare Management**

Print Coverage:

| Date | Publication | Edition |
|---|---|---|
| 21 July, 2026 | Rajasthan Patrika | All |

दीक्षांत समारोह : पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी स्टूडेंट्स को दी गईं डिग्रियां

# स्वास्थ्य प्रबंधन में छात्राओं की बुलंद उड़ान

## आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



**जयपुर.** आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह-2026 राजधानी में आयोजित हुआ। इसमें 506 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की गईं। लगातार दूसरे वर्ष छात्राओं ने छात्रों को पीछे छोड़ दिया। इस बैच में 57% महिला ग्रेजुएट्स रहीं, जबकि 18 मेधावी विद्यार्थियों को वी.पी. अग्रवाल मेडल से सम्मानित किया गया। इनमें 9 गोल्ड और 9 सिल्वर मेडल शामिल हैं जिसमें 13 मेडल छात्राओं ने हासिल किए।

मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों से स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों को अवसर में बदलने को कहा। साथ ही समाज सेवा को भी कॅरियर का उद्देश्य बनाने की बात कही। डॉ. पी.आर. सोडानी ने बताया कि इस वर्ष 200 से अधिक कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट में शामिल हुईं और विद्यार्थियों को 17 राज्यों में रोजगार के अवसर मिले। सर्वोच्च वार्षिक पैकेज 35.6 लाख रुपए रहा। पिछले वर्ष के 423 विद्यार्थियों की तुलना में इस बार 506 विद्यार्थियों को डिग्रियां मिलीं। एमबीए (हॉस्पिटल एंड हेल्थ मैनेजमेंट) का 226 विद्यार्थियों वाला बैच सबसे बड़ा रहा, 13 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।